नैक (NAAC) द्वारा "A" ग्रेड प्राप्त
महात्मा गांधी अंतरराष्ट्रीय हिंदी विश्वविद्यालय, वर्धा
Mahatma Gandhi Antarrashtriya Hindi Vishwavidyalaya, Wardha
(संसद द्वारा पारित अधिनियम 1997, क्रमांक 3 के अंतर्गत स्थापित केंद्रीय विश्वविद्यालय)
(A Central University established by Parliament by Act No. 3 of 1997)
जनसंपर्क विभाग- Ph./Fax: 07152-252651 मो.9960562305 इ-मेल: mgahvpro@gmail.com
वेबसाइट : www.hindivishwa.org

मुंबई की एसएनडीटी विश्वविद्यालय की छात्राओं का शैक्षणिक भ्रमण
हिंदी विवि के पाठ्यक्रम, अकादमिक गतिविधियों की ली जानकारी

वर्धा दि. 4 मार्च 2016: महात्मा गांधी अंतरराष्ट्रीय हिंदी विश्वविद्यालय में शुक्रवार को मुंबई के एसएनडीटी विश्वविद्यालय की छात्राओं ने भेंट कर यहां के पाठ्यक्रम एवं अकादमिक गतिविधियों की

जानकारी हासिल की। उनके स्वागत हेतु विवि के हबीब तनवीर सभागार में कुलसचिव डॉ. राजेंद्र

प्रसाद मिश्र की अध्यक्षता में एक कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस अवसर पर मंच पर विवि के साहित्य विद्यापीठ के अधिष्ठाता प्रो. कृष्ण कुमार सिंह, एसएनडीटी विवि के हिंदी विभाग के अध्यक्ष

प्रो. सत्यदेव त्रिपाठी, डॉ. कुसुम त्रिपाठी, डॉ. सुनीता साखरे, डॉ. दर्शना ओझा, कवित पंडया, डॉ.

सरिता उपाध्याय, राष्ट्रभाषा प्रचार समिति, वर्धा के प्रचार मंत्री डॉ. हेमचंद्र वैद्य उपस्थित थे। प्रो. सिंह और कुलसचिव डॉ. राजेंद्र प्रसाद मिश्र ने छात्राओं को पाठ्यक्रम एवं अकादमिक गतिविधियों से

अवगत कराया। कार्यक्रम का संचालन जनसंपर्क अधिकारी बी. एस. मिरगे ने किया। शैक्षणिक भ्रमण पर आयी छात्राओं ने विवि के सावित्रीबाई फुले महिला छात्रावास, गांधी हिल, साहित्य विभाग, प्रदर्शनकारी कला विभाग, भाषा विद्यापीठ, जनसंचार विभाग, स्वामी सहजानंद सरस्वती संग्रहालय, संस्कृति विद्यापीठ, प्रशासनिक भवन आदि में जाकर विश्वविद्यालय की गतिविधियों के बारे में जाना। उन्होंने सुविख्यात कहानीकार चित्रा मुदगल से भी चर्चा की। अनुवाद अध्ययन विभाग की शोधार्थी गोदावरी ठाकुर ने छात्राओं को पाठ्यक्रम और सुविधाओं की जानकारी दी। स्वागत कार्यक्रम के लिए हिमांशु नारायण, राजीव पाठक, दीपक, अश्वीन श्रीवास आदि ने सहयोग प्रदान किया।